**भारत सरकार@Govt. of India**

**नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, (कार्यालय)**

Town Official Language Implementation Committee(Offices)

**मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय, रेलवे बोर्ड भवन, दी माल, शिमला**

O/o The Chairman, TOLIC & Chief Commissioner of Income Tax, Railway Board Building, Shimla.

---

**संख्या: मु.आ.आ./शिमला/नराकास/2017-18** 151 से 221 | **दिनांक: 27.02.2018** 01/03/2018

## कार्यालय ज्ञापन:

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, शिमला की बैठक दिनांक 20.02.2018 को आयोजित की गई। बैठक के कार्यवृत्त सूचना और आवश्यक कार्रवाई के लिए निम्नलिखित को प्रेषित हैं:-

1. नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य। अनुरोध है कि बैठक में लिए गए निर्णयों पर शीघ्र कार्रवाई करके इस कार्यालय को अनुपालन रिपोर्ट भेजें। कार्यवृत्त के संबंध में यदि कोई आपत्ति या सुझाव हो तो कृपया 15 दिन के भीतर इस कार्यालय को भेजें।
2. सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, एनडीसीसी-।। (नई दिल्ली सिटी सेंटर) भवन,'बी' विंग, चौथा तल, जय सिंह रोड, नई दिल्ली।
3. सचिव, संसदीय राजभाषा समिति, 11, तीन मूर्ति मार्ग, नई दिल्ली।
4. निदेशक, (कार्यान्वयन) राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, एनडीसीसी-।। (नई दिल्ली सिटी सेंटर) भवन, 'बी' विंग, चौथा तल, जय सिंह रोड, नई दिल्ली।
5. उप-निदेशक, (कार्यान्वयन, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, उत्तर क्षेत्र-1), नई दिल्ली, राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय, ए-149, सरोजिनी नगर, नई दिल्ली।
6. उप-निदेशक, राजभाषा, (मुख्या.) आयकर निदेशालय,(परीक्षा एवं राजभाषा), केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, राजभाषा प्रभाग, छठी मंजिल, मयूर भवन, कनॉट सर्कस, नई दिल्ली।
7. उप-निदेशक, (राजभाषा), मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय, कमरा नं. 210डी, विकास भवन, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली।
8. निदेशक, केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, सी.जी.ओ. कॉम्प्लैक्स, पर्यावरण भवन, लोधी रोड, नई दिल्ली।
9. संपादक, राजभाषा भारती, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, एनडीसीसी-।। (नई दिल्ली सिटी सेंटर) भवन, 'बी' विंग, चौथा तल, जय सिंह रोड, नई दिल्ली।

**(नीना मल्होत्रा)**
**सहायक निदेशक, (रा.भा.) एवं**
**सचिव, न.रा.का.स. शिमला**

# शिमला नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 20.02.2018 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त

शिमला नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 20.02.2018 को अपराह्न 03:00 बजे मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष, रेलवे बोर्ड भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य आयकर आयुक्त, हि.प्र. क्षेत्र एवं समिति अध्यक्ष श्रीमती सोनाली अरोड़ा जी ने की । **(बैठक में उपस्थित सदस्यों की सूची कार्यवृत्त के साथ संलग्न है।)**

सर्वप्रथम समिति सचिव श्रीमती नीना मल्होत्रा ने समिति अध्यक्ष श्रीमती सोनाली अरोड़ा, मुख्य आयकर आयुक्त एवं उपस्थित सदस्यों का बैठक में स्वागत किया। तत्पश्चात् समिति के वरिष्ठतम सदस्य श्री वाय.एन. ठाकरे, महानिदेशक, कार्यालय राष्ट्रीय लेखापरीक्षा तथा लेखा अकादमी यारोज, शिमला ने समिति की अध्यक्ष श्रीमती सोनाली अरोड़ा, मुख्य आयकर आयुक्त, हि.प्र. क्षेत्र, शिमला का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया।

यह सूचित किया गया कि पिछली बैठक के कार्यवृत्त सभी सदस्य कार्यालयों को भेज दिए गए थे। किसी भी सदस्य कार्यालय से कोई सुझाव या आपत्ति प्राप्त नहीं हुई, अत: बैठक में सर्वसम्मति से इसकी पुष्टि की गई।

अध्यक्ष महोदया की अनुमति से बैठक की विधिवत कार्यवाही प्रारंभ हुई। अध्यक्ष महोदया ने कहा कि सभी सदस्य कार्यालयों के अधिकारी कार्यालय की समीक्षा किए जाने के समय अपना भी परिचय दें।

**1. पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों की समीक्षा:-**

**निर्णय एवं अनुपालना की स्थिति निम्नानुसार है :-**

| क्रसं. | निर्णय | अनुपालना की स्थिति | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 1 | काव्य पाठ प्रतियोगिता का दो चरणों में आयोजन तथा दूसरा चरण दूरदर्शन केंद में आयोजित किया जाएगा और प्रश्न मंच प्रतियोगिता में सरल प्रश्न रखे जाएं | काव्य पाठ प्रतियोगिता का दूसरा चरण दूरदर्शन केंद में आयोजित किया गया तथा इसका दूरदर्शन पर प्रसारण भी किया गया। भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान में प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा इसमें सरल प्रश्न रखे गए। | निर्णय की 100%अनुपालना सुनिश्चित की गई। |
| 2 | संयुक्त हिंदी कार्यशाला का आयोजन | राष्ट्रीय लेखा एवं लेखापरीक्षा अकादमी यारोज में एक संयुक्त हिंदी कार्यशाला का आयोजन दिनांक 28.12.2017 किया गया। | निर्णय की 100%अनुपालना सुनिश्चित की गई। |
| 3 | वार्षिक अंशदान | अभी भी अनेक कार्यालयों से वार्षिक अंशदान नहीं आया है। | आंशिक अनुपालना सुनिश्चित हुई। |
| 4 | सदस्य कार्यालय से राजभाषा संबंधी कार्यक्रमों की जानकारी तथा फोटोग्राफ | जिन कार्यालयों से इस संबंध में जानकारी प्राप्त हुई वह वेबसाइट पर अपलोड की गई। | निर्णय की 100%अनुपालना |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **वैबसाइट पर प्रकाशित करना** | | **सुनिश्चित की गई।** |
| **5** | **नराकास1-, शिमला की गृहपत्रिका 'यात्रा' के प्रकाशनार्थ रचनाएँ देना तथा विज्ञापन के माध्यम से सहयोग करना।** | **रचनाएँ सम्मिलित की गई तथा मात्र डाक विभाग से एक विज्ञापन प्राप्त हुआ है जो पत्रिका में प्रकाशित किया जाएगा।** | **आंशिक अनुपालना सुनिश्चित हुई।** |
| **6** | **कार्यालयध्यक्षों को वर्ष 2015-16एव्म2016-17 हेतु पुरस्कारों का निर्धारण करना** | **कार्य प्रगति पर है।** | |
| **7** | **वार्षिक राजभाषा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन** | **निकट भविष्य में आयोजित किया जाना है।** | |
| **8** | **हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन** | **विभिन्न सदस्यः कार्यालयों में कुलप्रतियोगिताओं का 11 योजन किया गयासफल आ।** | **निर्णय की 100%अनुपालना सुनिश्चित की गई।** |

**2. छमाही रिपोर्टों की समीक्षा :-** बैठक में छमाही रिपोर्टों की समीक्षा की गई और निम्नलिखित निर्णय लिए गए।

(क). **<u>हिंदी में पत्राचार</u>**:- यह सूचित किया कि लक्ष्यों के अनुसार सारा पत्राचार हिंदी में होना चाहिए। निम्नलिखित कार्यालयों में 100% पत्राचार हिंदी में हो रहा है जो कि सराहनीय है, इसे बरकरार रखने की आवश्यकता है:-

| **क्र.सं.** | **कार्यालय का नाम** | **प्रतिशत** |
|---|---|---|
| 1. | स्टेशन अधीक्षक कार्यालय शिमला, रेलवे स्टेशन, शिमला | 100% |
| 2. | केंद्रीय विद्यालय जतोग छावनी, शिमला | 100% |
| 3. | राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय क्षेत्र संकार्य प्रभाग वोसवैल बिला शिमला-171005 | 100% |
| 4. | निदेशालय जनगणना कार्यालय, हिमाचल प्रदेश, शिमला | 100% |
| 5. | अधीक्षक अभियंता, केंद्रीय परिमंडल केंद्रीय लोक निर्माण विभाग, कनेडी काटेज शिमला-171004 | 100% |
| 6. | पत्र सूचना कार्यालय भारत सरकार, सी.जी.ओ. काम्पलैक्स तृतीय मंजिल लौंगवुड, शिमला | 100% |
| 7. | विशेष ब्यूरो, शिमला | 100% |

**ऐसे कार्यालय जो थोड़ा मेहनत करके लक्ष्य हासिल कर सकते हैं वे निम्न हैं:-**

| **क्र.सं.** | **कार्यालय का नाम** | **प्रतिशत** |
|---|---|---|
| 1 | केंद्रीय विद्यालय जाखू शिमला | 99.81% |
| 2 | उप कमांडेंट केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई एयर पोर्ट शिमला | 99.63% |
| 3 | श्रम और रोजगार मंत्रालय, श्रम ब्यूरो, शिमला | 98.79% |
| 4 | कार्यालय प्रधान महालेखाकार लेखापरीक्षा शिमला | 98.72% |
| 5 | कार्यालय रक्षा पैंशन संवितरण शिमला | 97.64% |
| 6 | भारतीय वन सर्वेक्षण उत्तरी अंचल शिमला | 97.35% |
| 7 | महालेखाकार लेखा व हकदारी शिमला | 97.31% |

| | | |
|---|---|---|
| 8 | राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम क्षेत्रीय निदेशालय शिमला | 96.06% |
| 9 | मौसम केंद्र शिमला क्लीफ एंड इस्टेट बिबरा हाउस शिमला | 95.45% |
| 10 | स्थानीय लेखा परीक्षा कार्यालय सैन्य शिमला | 95.22% |
| 11 | केंद्रीय तिब्बती विद्यालय छोटा शिमला | 95.16% |
| 12 | भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान क्षेत्रीय केंद्र अमरतारा कॉटेज शिमला | 94.85% |
| 13 | प्रधान आयकर आयुक्त शिमला | 94.53% |
| 14 | क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय शिमला | 94.34% |
| 15 | स्टेशन अधीक्षक अतंर राज्य पुलिस बेतार केंद्र शिमला | 93.92% |
| 16 | क्षेत्रीय लेखा कार्यालय प्रधान मुख्य लेखा नियंत्रक कार्यालय कसुम्प्टी शिमला | 92.86% |
| 17 | आकाशवाणी प्रसार भारती भारत का लोक सेवा प्रसारक शिमला | 92.66% |
| 18 | राष्ट्रीय लेखापरीक्षा तथा लेखा अकादमी शिमला | 92.02% |
| 19 | सहायक लेखा अधिकारी स्टेशन मुख्यालय शिमला | 91.17% |
| 20 | कार्यालय मुख्य आयकर आयुक्त शिमला | 90.85% |

(ख) **धारा 3(3) तथा राजभाषा नियम 5 का अनुपालन**:- समीक्षा के दौरान सभी सदस्य कार्यालयों को धारा 3(3) तथा राजभाषा नियम 5 के शत-प्रतिशत अनुपालन करने का आह्वान किया गया । अध्यक्ष महोदया श्रीमती सोनाली अरोड़ा, मुख्य आयकर आयुक्त ने इसके उल्लंघन की स्थिति में निरीक्षण के दौरान उत्पन्न होने वाली असामान्य परिस्थिति से भी सभी को अवगत कराया।

3. **वार्षिक कार्यक्रम:- वार्षिक कार्यक्रम 2017-18 में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति पर चर्चा। तिमाही बैठक, हिंदी टिप्पण,कार्यशाला, निरीक्षण, हिंदी पुस्तकों की खरीद पर 50% व्यय, टंकण/आशुलिपि/प्रशिक्षण :-** समिति के सदस्यों को अवगत कराया गया कि वार्षिक कार्यक्रम में तिमाही बैठक, **हिंदी टिप्पण,** कार्यशाला, निरीक्षण, हिंदी पुस्तकों की खरीद पर 50% व्यय, टंकण/आशुलिपि एवं भाषा प्रशिक्षण आदि संबंधी निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त किया जाना आवश्यक है। सदस्य सचिव द्वारा 'लीला-राजभाषा' एप्प एवं पत्राचार पाठ्यक्रम के माध्यम से हिंदी टंकण प्रशिक्षण के विषय मे भी सदस्यो को विस्तार से जानकारी दी गई ।

4. **कार्यसूची की अगली मद:-** वर्ष 2016-17 एवं 2017-18 में आयोजित प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण समारोह के आयोजन पर चर्चा की थी। इस पर सर्वसहमति से यह निर्णय लिया गया कि संयुक्त पुरस्कार वितरण समारोह अप्रैल-मई, 2018 माह में किया जा सकता है। इस संबंध में विभिन्न समितियों के गठन के लिए सभी सदस्यों की ओर से नराकास मुख्यालय को अधिकृत कर दिया गया, जो विभिन्न कमेटियों का गठन करके संबंधित कार्यालयों को इसकी सूचना भेज देगा। उक्त प्रतियोगिताओं के परिणाम भी सभी को फोल्डर मे उपलब्ध करवाए गए । वर्ष 2017-18 मे आयोजित कविता पाठ प्रतियोगिता का संशोधित परिणाम निम्नानुसार है :-

**कविता पाठ का संशोधित परिणाम :-**

| **क्रम.सं.** | **नाम** | **कार्यालय का नाम** | **पुरस्कार** |
|---|---|---|---|
| 1. | राकेश कुमार सिंह | भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, | प्रथम |
| 2. | नीलू शर्मा | केंद्रीय विद्यालय जतोग, | प्रथम |
| 3. | गुप्तेश्वर नाथ उपाध्याय | केंद्रीय तिब्बती विद्यालय | द्वितीय |
| 4. | अरूण कुमार | प्रधान महालेखाकार, कार्यालय | द्वितीय |
| 5. | सुश्री महिमा आर्य | प्रधान महालेखाकार, कार्यालय | प्रोत्साहन |
| 6. | सुश्री नीता शर्मा | चीफ पोस्टमास्टर जरनल, | प्रोत्साहन |
| 7. | श्रीमती अपर्णा रे | केंद्रीय विद्यालय जाखू | प्रोत्साहन |

5. **संयुक्त पत्रिका** के प्रकाशन पर चर्चा के दौरान सदस्यों से अनुरोध किया गया कि अभी जो सदस्य कार्यालय आगामी पत्रिका में अपनी रचनाएं एवं विज्ञापन प्रकाशित करवाना चाहते हैं, वे दिनांक 16.03.2018 (शुक्रवार) तक नराकास मुख्यालय कार्यालय मुख्य आयकर आयुक्त, शिमला, रेलवे बोर्ड बिल्डिंग माल रोड, शिमला में पहुंचा दें। विज्ञापन की दरें निम्नानुसार निर्धारित की गई हैं।

   (क) आवरण का अंतिम रंगीन पृष्ठ = रुपए **12000/-**
   (ख) अंदर का रंगीन पृष्ठ =रुपए **10000/-**
   (ग) दो रंगों का पृष्ठ = रुपए **8000/-**
   (घ) दो रंगों का आधा पृष्ठ = रुपए **5000/-**

   सभी सदस्यों से अनुरोध किया गया कि नराकास की गतिविधियो का सुचारू रूप से संचालन करने के लिए उपरोक्त अनुसार आर्थिक रूप से सहयोग करें।

6. **वार्षिक अंशदान:** सदस्यों से अनुरोध किया गया कि जिन सदस्य कार्यालयों ने विगत, वर्तमान तथा आगामी वर्ष 2018-19 के लिए अंशदान प्रदान नहीं किया है, वे कृपया अंशदान की राशि शीघ्र भेजें, ताकि समिति के कार्यक्रम सुचारू ढंग से चल सकें। अंशदान की राशि कार्यालयी चैक द्वारा अथवा सचिव नराकास के बैंक खाता संख्या **10835936138 IFSC Code SBIN0000718** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में ट्रांस्फर कर सकते हैं।

7. अन्य मद :-

   सदस्य सचिव ने सभी सदस्य कार्यालयों से तिमाही प्रगति रिपोर्ट राजभाषा विभाग को आनलाईन भिजवाने हेतु भी अनुरोध किया ।कई सदस्यों ने अवगत करवाया कि उन्होने पंजीकरण तो करवाया है परंतु वे लाग-इन नही कर पा रहें हैं। सूचित किया गया कि रिपोर्ट भेजने अथवा पंजीकरण करने में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी आ रही हो तो श्री केवल कृष्ण वरिष्ठ तकनीकी निदेशक से **ईमेल** **kewal.krishan@nic.in**

पर सपर्क कर सकते हैं या 011-24674674/7838758761 पर भी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय से सपर्क कर सकते है ।

**अपने समापन संबोधन में मुख्य आयकर आयुक्त श्रीमती सोनाली अरोड़ा जी ने कहा कि:**

- आज की बैठक में बड़ी संख्या में सदस्यों ने भाग लिया और इसके लिए सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं और मैं सभी सदस्यों का धन्यवाद करती हूं।
- कई कार्यालयों मे बहुत अच्छा कार्य हिंदी में हो रहा है। उन्हें मैं बधाई देती हूं। आज की बैठक में विभागाध्यक्ष तथा कार्यालय प्रमुखों की उपस्थिति से मैं अत्यधिक प्रसन्न हूं, जिन कार्यालयों विभागाध्यक्ष तथा कार्यालय प्रमुख किसी कारण से उपस्थित नहीं हो सके हैं, वे अगली बैठक में अवश्य उपस्थित होंगे ऐसी मैं अपेक्षा करती हूं। नराकास की छमाही बैठकों में इनकी उपस्थिति अत्यंत महत्वपूर्ण है इसलिए राजभाषा विभाग ने कुल 35 अंक निर्धारित किए हैं। नराकास की बैठक हम सब लोगों के लिए एकत्र आने का अवसर है जिसके माध्यम से राजभाषा के कार्यान्वयन में आने वाली समस्याओं का समाधान खोज सकते हैं। यदि हमें अपनी नराकास को श्रेष्ठ नराकास बनाना है, तो कदम-कदम पर आप सब का सहयोग अपेक्षित है।

अंत में अध्यक्ष महोदया एवं सदस्यों के धन्यवाद के साथ बैठक संपन्न हुई।

(सोनाली अरोड़ा)
मुख्य आयकर आयुक्त एवं अध्यक्ष
नराकास, शिमला

(नीना मल्होत्रा)
सहायक निदेशक एवं
सचिव न.रा.भा.का.समिति
शिमला